कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक 18.06.2024

विषयः- एटीएम में लगी बैट्री चुराने वाला अन्तर्जनपदीय चोर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की कुल 08 बैट्रियाँ बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 224/2024 धारा- 380/411/413 भा0द0वि0 थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त रविकान्त सिंह उर्फ अवनीश सिंह पुत्र अखिलेश सिंह पता ग्राम मलहथ थाना फूलपुर जनपद वाराणसी को दिनांक 18.06.2024 को जजेज गेस्ट हाउस के पास सड़क से 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

आवेदक श्री सम्राट चक्रवर्ती शाखा प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक शाखा लंका, वाराणसी द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दी गयी कि दिनांक 07.06.2024 को सुबह पंजाब नेशनल बैंक की लंका शाखा के ATM के बैकरुम में स्थित 8 बैटरी अज्ञात चोर द्वारा चुरा ली गयी है। जिनकी शिकायत के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचक एवं थाना स्थानीय की क्राइम टीम को घटना से अवगत कराते हुए चोरी गयी बैट्रियों की बरामदगी एवं अज्ञात चोर की तलाश एवं पतारसी सुरागरसी हेतु रवाना किया गया। थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फूटेज एवं गोपनीय जानकारी के आधार पर 01 नफर अभियुक्त को चोरी की बैट्रियों के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त के कब्जे से बरामद बैट्रियों के सम्बन्ध में पूछने पर बता रहा है कि वीडियों फुटेज में मै ही हूँ और मैने ही रविदास चौराहे के पास PNB ATM से बैट्री चोरी किया था तथा उस दिन बैट्री चोरी करके यही मदार की झाडियों में छुपाकर रखा था। उस बैट्री को ले जाकर बेचने कि फिराक मे था कि आप लोग पकड़ लिये। पकड़े गये व्यक्ति की निशांदेही पर मदार की झाड़ियों के आड़ से कुल 8 बैट्री बरामद हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता- रविकान्त सिंह उर्फ अवनीश सिंह पुत्र अखिलेश सिंह पता ग्राम मलहथ थाना फूलपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 18.06.2024 को जजेज गेस्ट हाउस के पास सड़क, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण</u> -

1. मु0अ0सं0 224/24 धारा 380/411/413 भा0द0वि0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी ।

<u>आपराधिक इतिहास</u>

1. मु0अ0सं0 246/2024 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना सारनाथ, कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 498/2017 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना कैण्ट, कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 510/2017 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना कैण्ट, कमि0 वाराणसी।
4. मु0अ0सं0 512/2017 धारा 414 भा0द0वि0 थाना कैण्ट, कमि0 वाराणसी।
5. मु0अ0सं0 352/2017 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना मंडुवाडीह, कमि0 वाराणसी।
6. मु0अ0सं0 327/2017 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना भेलूपुर, कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-</u>

1. शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 बलिराम यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 वीरन्द्र यादव, क्राइम टीम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अमित कुमार शुक्ला, क्राइम टीम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 पवन कुमार, क्राइम टीम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।